## खबर संक्षेप

### वोटर कार्ड की त्रुटियों के सुधार के लिए फार्म-8 भरें

**मण्डला।** निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत जिले में बूथ लेबल ऑफिसर द्वारा दावे-आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में 1 जनवरी 2026 की स्थिति में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 6134 आवेदकों द्वारा नाम जुड़वाने के लिए अपने बीएलओ के पास फार्म-6 में आवेदन किया गया है तथा वोटर कार्ड की त्रुटियों के सुधार के लिए 1677 मतदाताओं द्वारा फार्म-8 भरे गये हैं। दावे-आपत्तियां लेने का कार्य 22 जनवरी 2026 तक चलेगा। इस अवधि में कोई भी पात्र व्यक्ति जिसका नाम वोटरलिस्ट में दर्ज नहीं है, अपने बीएलओ के पास फार्म-6 में आवेदन कर सकता है। वोटर कार्ड की त्रुटियों के सुधार के लिए भी उक्त अवधि में फार्म-8 में आवेदन किए जा सकते हैं। जन-सामान्य से अपेक्षा है कि नाम जुड़वाने के लिए अपने बीएलओ के पास फार्म-6 अवश्य जमा कराएं।

### जल संचय अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन

**मण्डला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नारायणगंज के ग्राम सिंघनपुरी में प्रगति जनकल्याण समिति मंडला के द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जल संरक्षण के लिए चर्चा की गई। ग्राम स्तर पर जल संरक्षण के लिए क्या-क्या कार्य कर सकते हैं इस पर भी सदस्यों द्वारा रचनात्मक सुझाव दिए गए। ग्रामवासियों से मिलकर जल संरक्षण गतिविधि के लिए जगह का चिंतन किया एवं जल संरक्षण करने के क्या फायदे ग्राम स्तर पर हो सकते हैं इस पर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में परामर्शदाता श्रीमती इंद्रा उइके, प्रगति जनकल्याण समिति मंडला अध्यक्ष श्री कमलेश पावले, सचिव श्रीमती पुष्पा उइके, एमएसडब्ल्यू छात्र श्री मिथलेश कुशराम, श्री प्रशांत उइके, बीएसडब्ल्यू श्रीमती सुशीला, सदस्य श्री वेदव्यास पंद्राम सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 20 जनवरी तक

**मण्डला।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, श्रम विभाग द्वारा श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से 20 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकेंगे।

## जीवन बचाना सर्वोपरि, नियम पालन अनिवार्य-पूर्व न्यायाधीश श्री सप्रे

# हर जान की कीमत है अनमोल

*** नियम उल्लंघन पर सख्ती के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश श्री अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में जिले में सड़क सुरक्षा मुद्दों से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सर्किट हाऊस में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा करना था। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एनएचएआई, एमपीआरडीसी सहित यातायात विभाग से संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि जीवन अमूल्य है और उसे सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की जान जा रही है, जिसे गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं समयबद्ध प्रयास करने होंगे।

### हेलमेट और सीट बेल्ट को आदत बनाएं

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दो-पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें, नशे में वाहन चलाने, ओवर स्पीड और नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण ओवर स्पीड, गलत ड्राइविंग, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करना हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है।



न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने निर्देश दिए कि जिला, तहसील, विकासखंड एवं ग्राम स्तर के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी हेलमेट पहनकर ही कार्यालय आएं, अन्यथा परिसर में प्रवेश न दिया जाए, स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाए, पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दें, दो-पहिया वाहन विक्रेता वाहन बिक्री के समय हेलमेट अनिवार्य रूप से प्रदान करें।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी दी तथा वहां किए जा रहे सुधार कार्यों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार पुलिस, परिवहन एवं यातायात विभाग के द्वारा वाहनों की फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस की नियमित जांच की जा रही है। साथ ही ओवरलोडिंग वाहन, सड़क पर अवैध पार्किंग और नशे में वाहन चलाने पर नियमित चालानी कार्यवाही की जा रही है।

न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने मीडिया, प्रशासन और आम नागरिकों से अपील की कि रैली, अभियान और शिक्षा के माध्यम से सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और हर नागरिक सुरक्षित यातायात संस्कृति अपनाएं।

## हम फाउंडेशन का 2 मिनट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम



*** रानी अवंती बाई चौक में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

विगत दिवस हम फाउंडेशन भारत की जिला शाखा मंडला द्वारा डॉक्टर विजय सिंह धुर्वे सिविल सर्जन मुख्य चिकित्सालय मंडला के विशिष्ट आतिथ्य में 2 मिनट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिमाह एक तारीख को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में हम फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक बी के राय, जिला अध्यक्ष एच पी झरिया तथा डॉक्टर अशोक मर्सकोले, पूरन सिंह ठाकुर, सुधीर कांसकार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। प्रारंभ में अतिथि डॉक्टर विजय सिंह धुर्वे ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया तथा अन्य अतिथियों ने पूजन प्रसाद चढ़ाकर, पुष्पार्चन कर भारत माता का को नमन किया। इसके पश्चात 150 वें वर्ष पर राष्ट्रगान के अवसर पर पहले वंदे मातरम का गायन किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगीत का गायन कर मातृभूमि और देश को नमन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात माहिष्मती शाखा मंडला के अध्यक्ष मुकेश कछवाहा के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तथा बधाइयां दी गईं ।श्री आर के एस चौहान द्वारा जन्मदिन पर गीत गाकर सबका दिल जीता। कार्यक्रम के अंत में जिला शाखा अध्यक्ष श्री एच पी झरिया के चाचा पूर्व सीएमओ मंडला डॉक्टर बृजेश झरिया के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## शिक्षा स्वास्थ्य सड़क बिजली पानी जैसी समस्याओं के प्रति जवाबदेह कौन

*** नगर के एक समाजसेवी ने उठाई आवाज, ज्ञापन देकर प्रशासन को चेताया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत शिक्षा स्वास्थ्य सड़क बिजली पेयजल जैसे गंभीर जन समस्यायें ब्याप्त हैं परंतु जन समस्याओं के निराकरण के प्रति कोई भी जन प्रतिनिधि चाहे वो पंचायत स्तर का हो या विधानसभा लोकसभा स्तर का अपने क्षेत्र की जन समस्याओं के प्रति जवाबदेह गंभीर दिखाई नहीं देते हैं । इसका मूल कारण हमारे जनप्रतिनिधि अच्छी तरह जानते हैं कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की जनता अशिक्षित है अज्ञान है इसलिए अपनी जन समस्याओं के प्रति आवाज उठाने में सक्षम नहीं है।

वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में अधिकांशतः गावों में शाला भवनों की स्थिति जर्जर हैं चाहे वह भवन पांच साल पहले निर्मित हुआ हो या पचास साल पहले सबकी हालात जर्जर हैं।

इसी प्रकार गावों के छोटे - छोटे नदी नालों में स्टाफ -डेम -पुलिया सिंचाई विभाग व्दारा 2005 - 06 के दशक में बनाये गये हैं सब जर्जर हालात में हैं जिनमें कभी भी जानलेवा दुर्घटना संभावित हैं । वर्तमान में इन संभावित जानलेवा स्टाफ - डेम - पुलियों की जर्जर हालात के लिए कौन जवाबदेह है अज्ञात है।



वैसे ही जल जीवन मिशन योजनांतर्गत नल जल योजना के गुजराती ठेकेदारों व्दारा पाइप लाइन क ई गावों में डाल दिये गये हैं या अभी भी कई गांवों में डाले जा रहे हैं । इन गुजराती ठेकेदारों व्दारा डाले गये नल जल योजना के पाइप लाइन ज्यादा से ज्यादा दो - तीन माह बमुश्किल चलने के बाद अपने आप ठप्प हो जाते हैं।

इस प्रकार ये गुजराती ठेकेदार शासन और जनता को चूना लगाकर चलते बनते हैं। जिसके कारण पेयजल समस्या गावों की यथावत बनी हुई है। क्या सरकार जल जीवन मिशन योजनांतर्गत नल जल योजना में चल रहे भ्रष्टाचार की जांच कराते हुए नल जल योजना को सक्षम और नियमित बनायेगी या जल जीवन मिशन योजना केवल गुजराती ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए ही बनाई गयी थी । चूंकि चुटका पेयजल आपूर्ति योजना भी पीछे - पीछे चल पड़ा है और नल जल योजना के गुजराती ठेकेदार गायब होते जा रहे हैं । सबसे आश्चर्य की बात ये है कि इसमें पी एच ई विभाग मौन है या दर किनार कर दिया गया है । गुजराती मोदी है तो गुजराती ठेकेदारों के लिए सब मुमकिन है।

## कलेक्टर की पहल पर युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान

**मण्डला।** मंडला जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा की पहल पर 20 जनवरी को महा युवा संगम मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लगभग 1600 युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें स्थायी आजीविका का साधन उपलब्ध कराया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा संबंधित विभाग को सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए इस वृहद रोजगार मेला का व्यापक प्रचार-प्रसार, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार जिला प्रशासन के तत्वाधान में 20 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय पीएम एक्सीलेंस रानी दुर्गावती कॉलेज मंडला में युवा-संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप) मेला का आयोजन किया जा रहा है। बेरोजगार युवक/युवतियों की भर्ती के लिए 36 स्थानीय इकाई/कंपनियों में विभिन्न पदों के लिए प्राथमिक रूप से चयन करेंगे। इसके अंतर्गत वेल्डर के 124, फिटर 142, मैकेनिकल 298, कम्प्यूटर/मशीन ऑपरेटर 323, इलेक्ट्रीशियन 231 एवं अन्य 479 रिक्त पद हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंडला ने बताया कि गूगल लिंक-ीजजचेरूध्ध्वितउेण्हसमध्8ाग2तरल्इश्रुचर्बजदम्8 है। शैक्षणिक योग्यता में 10वीं से 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर, आईटीआई समस्त ट्रेड, डिप्लोमा/डिग्री, आवश्यक दस्तावेजों में समग्र आईडी की छायाप्रति, अंकसूची, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड/वोटर कार्ड, रोजगार पंजीयन आदि की छायाप्रति एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है।

## कथा

## भगवान गणेश के जन्मोत्सव पर भक्ति में डूबे श्रद्धालु।

# श्री सिद्धेश्वर धाम में गूंजा गणपति बप्पा मोरया





*** कैसे प्राप्त हुए माता पार्वती को पुत्र कार्तिकेय।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

सुरंगदेवरी स्थित प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र श्री सिद्धेश्वर धाम में आयोजित नौ दिवसीय श्री गणेश पुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित ललित नारायण मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्री गणेश की महिमा और उनके प्राकट्य के प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के चौथे दिन पंडित ललित नारायण मिश्रा ने भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने अपनी सखी जया और विजया के सुझाव पर अपने शरीर के उबटन से एक बालक की आकृति बनाई और उसमें प्राण फूँके, जो आगे चलकर विघ्नहर्ता श्री गणेश कहलाए। जैसे ही कथा में गणेश जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने सोहर और भजनों पर जमकर नृत्य किया।

कथावाचक ने माता पार्वती को पुत्र कार्तिकेय की प्राप्ति की कथा भी विस्तार से सुनाई। उन्होंने बताया कि तारकासुर के अत्याचारों से मुक्ति पाने के लिए देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव और माता पार्वती के तेज से कार्तिकेय का जन्म हुआ। कार्तिकेय के छह मुख होने और कृतिकाओं द्वारा उनका पालन-पोषण किए जाने के वृत्तांत ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा वाचक पंडित ललित नारायण मिश्रा ने बताया कि गणेश बुद्धि के और कार्तिकेय शक्ति के प्रतीक हैं।

### महाभंडारे का आयोजन

कथा के विश्राम के बाद चतुर्थ दिवस के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सिद्धेश्वर धाम समिति द्वारा आयोजित इस महाप्रसाद में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भोजन ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में धाम के सेवादार और नगर के धर्मप्रेमी बंधु सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### छटवें दिन होगी श्री गणेश और रिद्धि, सिद्धि का विवाह

श्री गणेश पुराण के दौरान कथा वाचक पंडित ललित नारायण मिश्रा ने बताया कि कथा के छटवें दिन 3 जनवरी को भगवान श्री गणेश और रिद्धि सिद्ध का विवाह कराया जाएगा। कथा वाचक ने बताया कि जिन युवक, युवतियों के विवाह में अड़चने आ रही है, वे कथा के छटवें दिन शनिवार को तीन-तीन नारियल लेकर श्री गणेश पुराण में आए।

## स्वतंत्र पत्रकार संगठन ने नववर्ष का शुभारंभ सेवा कार्य से किया

*** एनआरसी में बच्चों को बांटे स्वेटर।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




स्वतंत्र पत्रकार संगठन जिला इकाई मंडला द्वारा नववर्ष का शुभारंभ मानव सेवा के संकल्प के साथ जिला चिकित्सालय मंडला स्थित पोषण आहार केंद्र (एनआरसी) में किया गया। ठंड के मौसम को देखते हुए संगठन की ओर से एनआरसी में उपचाररत कुपोषित बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए, जिससे बच्चों को ठंड से राहत मिल सके। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय मंडला के सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, स्वतंत्र पत्रकार संगठन के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश झा सहित संगठन के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं एनआरसी का स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्र पत्रकार संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार राकेश झा ने कहा कि नववर्ष केवल कैलेंडर बदलने का अवसर नहीं है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को नए सिरे से निभाने का संकल्प लेने का समय है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य जनहित और मानवीय सरोकारों से जुड़ा रहना है। समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के लिए किया गया छोटा सा प्रयास भी बड़ी संवेदना का संदेश देता है। एनआरसी में उपचाररत बच्चों के बीच आकर संगठन ने यह संदेश दिया है कि पत्रकार केवल खबरों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के साथ खड़े रहने वाले साथी भी हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वतंत्र पत्रकार संगठन आगे भी इसी प्रकार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करता रहेगा।




सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों को स्वेटर मिलना उनके स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। ऐसे सहयोग से अस्पताल और एनआरसी के प्रयासों को मजबूती मिलती है। एनआरसी प्रभारी डायटिशियन रश्मि वर्मा ने भी संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के उपचार के साथ-साथ उनके समग्र संरक्षण में समाज की भागीदारी आवश्यक है।

कार्यक्रम में स्वतंत्र पत्रकार संगठन के अशोक मिश्रा, अखिलेश अग्रवाल, कपिल वर्मा, एस.पी. तिवारी, आकाश पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी राकेश अग्रवाल सहित एनआरसी का स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने नववर्ष पर सेवा कार्य को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। यह आयोजन न केवल जरूरतमंद बच्चों के लिए सहारा बना, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का संदेश भी लेकर आया।

**खबर संक्षेप**

## बिजली विभाग की अनदेखी बनती है किसानों के परेशानी का कारण



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा एक ओर अपने बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो सभी प्रकार के माप दंडों का उपयोग करते हुए किसानों से पैसा बसूने में उनके घरों में रखी हुई सामग्री तक जप्त करने से नही चूक रही है? मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपनी विद्युत लाईनों के रख रखाब की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण प्रति वर्ष क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग की लापरवाही के चलते आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि बिजली विभाग की उदासीनता का परिणाम है कि किसानों के खेतों से निकली हुई बिजली लाईनों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वह वर्षो पुरानी होने के कारण उनके तार झूला के समान झूलते हुए दिखाई दे रहे है और वह तार जरा से हवा चलते ही एक दूसरे से टकरा जाने की स्थिति में आग की चिन्गारी छोड़ना चालू कर देते है, इसके चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों में आग लग जाने के कारण किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए प्रतिवर्ष मजबूर होते हुए देखा जाता है, जिसका उदाहरण इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने भी मिल रहा है जहां पर किसानों के खेतों में खड़ी हुई गन्ना फसल आये दिन आग से जलकर खाक होने से नही चूक रही है, क्योंकि क्षेत्र के गांवों की मेन्टेनेस व्यवस्था पर बिजली विभाग द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण गांवो में किसानों की सिंचाई हेतु स्थापित किये गये ट्रांसफार्मर भी जल जाते है जिनकों बदलवाने के लिए क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग के अधिकारियों के अनेक चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में देखा जावे तो जहां किसानों के खेतों में आग लगने के कारण उन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है वही दूसरी ओर कई दिनों तक बिजली बंद रहने के कारण उनकी सिंचाई का कार्य भी प्रभावित होता है। इस प्रकार से क्षेत्र के किसानों के खेतों में खडी हुई फसलों के ऊपर झूलते तारों के चलते दहशत में दिखाई पड़ रहे है और समय रहते हुए यदि बिजली विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही क्षेत्र के किसानों को फिर आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

### नर्मदा तटों पर दिन भर चलती रही भर्ता बांटी पार्टियां तो विदाई देते हुये वर्ष को रात में आयोजित हुये अनेक कार्यक्रम

# बडे ही उत्साह के साथ किया गया नये वर्ष 2026 का स्वागत, तेज ठंड के बाद भी शिवधाम डमरूघाटी सहित अनेक मंदिरों में देखने मिला भीड़ का आलम















**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**

निश्चित तौर से जिस प्रकार से बीते हुये वर्ष 2025 की शुरूआत जहां सृष्टि के प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी के प्रिय दिवस बुधवार से हुई थी। वही बिदाई भी बुधवार के दिवस होना विशेष संजोग का उदाहरण है। इसी प्रकार से नये वर्ष 2026 का आगाज गुरूवार माँ लक्ष्मी पति विष्णु जी के प्रिय दिवस से होना शुभ संकेत वाला बताया जा रहा है। इस प्रकार से बीते हुये बुधवार यानि की 31 दिसम्बर 2025 की रात वर्ष को अंतिम सलाम कर शहर के युवाओं ने उत्साह से नए वर्ष का जश्न मनाया गया। क्योंकि नये वर्ष के स्वागत के दौरान हुडदंग लीला मचाने वालों पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा पैनी नजर रखी जा रही थी। जिसके चलते युवाओं ने अनुशासन का परिचय देते हुए विशेष घ्वनि यंत्रों के साथ अपने स्तर पर गीत संगीत के कार्यक्रम नगर में अनेक जगहों पर आयोजित किए गये और शहर के सुंदर स्थानों पर पिकनिक मनाने का आनंद लेते हुए अपने साथियों के गले मिल उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। वही अनेक युवाओं ने फटाखे फोड़ नए वर्ष 2026 का जोरदार स्वागत करते हुये जश्न मनाने के बाद संकल्प लिया कि वे शहर के बहुमुखी विकास में सहभागी बनेगे। वही दूसरी ओर देखने मिला कि रात को टी व्ही पर प्रसारित रंगारंग कार्यक्रमों को देखते हुए घरों में तैयार विभिन्न व्यजंनों के खाने का लुत्फ उठाते हुए लोग देखे गये। इस तरह नये वर्ष की शुभ बेला में कल गुरूवार को तेज ठंड के चलते जहां लोगों ने गर्म कपड़ो के साथ साथ नगर की सड़को पर जल रहे अलावों की आग तपते हुये नई साल का स्वागत किया गया। अंग्रेजी माह की शुरूआत के चलते शहर के मंदिरों में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व पुरूषों ने जाकर भगवान की पूजा, आराधना कर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे नए साल में शहर के निवासियों को खुशहाल होने का आर्शीवाद मांगते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर देखा गया कि नव वर्ष का आगमन भगवान विष्णु जी का दिवस गुरूवार होने से निश्चित ही लोगो में अब माँ लक्ष्मी पति से काफी उम्मीदे जताई है..? वैसे भी देखा जावे तो गुरूवार के दिन शासकीय अवकाश न होने के बाद भी अनेक सरकारी कार्यालयों में अवकाश जैसे नजारे दिखाई पड़े..? नये वर्ष के अवसर पर नगर की सामाजिक संस्थाओं के तत्वाधान में भी नए वर्ष के स्वागत समारोह आयोजित किए गये। इस दौरान खास बात यह देखने मिली कि नए वर्ष के जश्न में युवाओं ने गजब का संयम बरता जिससे पुलिस को व्यवस्था बनाने की जहमत नही उठाना पड़ी। वही बुधवार को देर रात तक शहर का बाजार गुलजार रहा तो दूसरी ओर नगर में मिठाई, फलों तथा होटलों व सिनेमा घरों में भी काफी भीड़ भाड़ का आलम दिखाई दिया। नव वर्ष की शुभ बेला में नगर के शिवधाम डमरूघाटी में तो स्थिति इस प्रकार से बनी हुई थी कि जहां वह मेला का स्वरूप दिखाई पड़ रहा था। मगर हजारों की संख्या में उमड़ी हुई भीड़ उमडते हुये देखी गई जिसकी व्यवस्था बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा टीआई विक्रम रजक द्वारा लगातार राउंड लगाते हुये व्यवस्थाओं में जुटे हुये देखे गये। ज्ञात हो कि शहर व क्षेत्र के लोगों को शिवधाम डमरूघाटी पहुंचने के लिये एक मात्र रास्ता होने के चलते शक्कर नदी पुल पर भीड़ का आलम रहने के कारण कुछ हद तक जाम के हालत बनते हुये देखे गये। मगर मौजूद पुलिस बल द्वारा व्वस्था बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही थी। ज्ञात हो कि पूर्व में डमरूघाटी क्षेत्र पलोहा थाना के अधीन माना जाता था। मगर अब सीमाओं में बदलाब के चलते गाडरवारा थाना क्षेत्र में शामिल होने के चलते इस बार हयां की व्यवस्थाये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के साथ साथ थाना प्रभारी विक्रम रजक खुद ही अपने स्टाप के साथ बागडोर संभाले हुये थी। जिसके चलते व्यवस्था चुस्त नजर आई। वही दूसरी ओर समाचार लिखे जाने तक वर्ष के शुरूआत में शांति का महौल देखने मिला किसी भी क्षेत्र से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली। इस प्रकार से नये वर्ष को मंगलमय होने की आशाओं को लेकर जब इस संबंध में जब क्षेत्र की पूर्व विधायक कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटैल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि नये वर्ष की शुरूआत पर मेरी क्षेत्रवासियों से यही कामना है कि वह सब मिल जुलकर एकता का परिचय देते हुए वर्ष 2026 को यादगार बनाने के लिए ऐसी पहल करे जिससे क्षेत्र का विकास होने के साथ साथ लोगों के बीच फैली हुई अनेक बुरी आदतों का समापन हो सके। क्योंकि नया वर्ष तो हर साल यानि की 365 दिनों के बाद बदल जाता है। मगर जब हम लोगों के बीच जो भाईचारा व एकता का संबंध बनता है वह कभी नही बदलता है। इसलिए मै चाहती हूं कि वर्ष 2026 की शुरूआत पर समस्त क्षेत्रवासियों को क्षेत्र की स्वच्छता की शपथ लेते हुए क्षेत्र विकास और भाईचारा कायम करने के लिए एकता का परिचय देना चाहिये। वही क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी का कहना है कि जिस प्रकार से बीते दिवस नये वर्ष की बेला पर युवाओं से लेकर किशारों के आलवा आमजन द्वारा एक दूसरे के गले मिलते हुए नये वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए देखा गया बहुत ही अच्छा लगा। इस प्रकार का स्नेह सदा ही एक दूसरे में बना रहना चाहिए जिससे जहां एकता को मजबूती प्रदान होने के साथ साथ हम बुरे कामों पर अंकुश लगाने में भी सफल हो सकते है और वर्ष 2026 के शुभ आगमन पर में क्षेत्रवासियों से अपेक्षा करता है कि वह क्षेत्र में खुशहाली व शांति बनाने के लिये एक दूसरे सहयोग प्रदान करने के साथ कोरोना की संभावना को ध्यान में रखते हुये सावधानी बरतते हुये खुद के साथ साथ अपने परिवार को सुरक्षित रखे। इसी प्रकार से नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कहना है कि सत्य है कि 364 दिन समाप्त होने के बाद 365 वां दिन वर्ष का अंतिम दिन होता है और उसे लोग वर्ष का अंतिम दिन कहते हुए अगले दिन को नया वर्ष मानते हुए खुशियों का इजहार करते हुए देखे जो सिलसिला हर साल चलता ही रहता है। इस प्रकार से नय वर्ष की बेला पर सभी क्षेत्रवासियों को नये वर्ष की शुभकामनाओं के साथ नगरवासियों से अपेक्षा रखती हूं कि वह नगर के विकास तथा स्वच्दता में अपना योगदान देते हुए नगर को नया स्वरूप प्रदान करे। वही समाज सेवी जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव का कहना है कि इस नगर सहित के लोगों ने जिस प्रकार से बीते हुए वर्ष 2025 की बिदाई व वर्ष 2026 के आगमन पर क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने मिली उस भाईचारे ने गाडरवारा क्षेत्र की पुरानी शांति प्रिय यादगार को ताजा कर दिया गया है। वही मेरी सभी क्षेत्रवासियों से अपेक्षा है कि नये वर्ष में अपनी सफलताओं के अनेक कीर्तिमान स्थापित करे।

## अगले माह सूखाखैरी में आयोजित होने वाले श्रीविष्णु यज्ञ की तैयारियाँ जोरो पर, यज्ञ शिखर पर हुई कलश स्थापना







**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** क्षेत्र में बीते हुये 44 वर्ष से लगातार हर साल आयोजित हो रहे श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन इस साल अगले माह यानि की 20 फरवरी से समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी में होने जा रहा है। इस यज्ञ के आयोजन को लेकर जहां ग्राम सूखाखैरी सहित आसपास के दर्जनों गांवों में अलग ही उत्साह दिखाई पड़ रहा है। वही दूसरी ओर यज्ञ के दर्शन करने के लिये आने वाले अपने रिस्तेदारों को लेकर हर घर अभी से तैयारियाँ होते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर यज्ञ स्थल पर वैदी निर्मित होने के चलते यहां का महौल अभी से धर्ममह प्रतीत होने से नही चूक रहा है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार यानि की वर्ष 2026 के प्रथम दिवस 1 जनवरी को आयोजित होने वाले 45 वे श्री विष्णु यज्ञ की यज्ञ शाला के शिखर पर कलश स्थापना बडे ही विधि विधान के साथ यज्ञाचारी पंडित ऋषि खमरिया के द्वारा संपन्न कराई गई। इस दौरान शिखर पर स्थापित होने वाले कलश भव्य शोभायात्रा के रूप में ले जाया गया। वही पूजन उपरांत उसे बेदी शिखर पर स्थापित किया गया।

## नये वर्ष के उत्सव के बीच हुडदंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर, चाक चौबंद रही व्यवस्थायें





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**

अक्सर देखा जाता है कि किसी जस्न को मनाने के दौरान युवाओं द्वारा नशे में मस्त होकर जिस तरह हुडदंग मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते वह जस्न दुर्घटनाओं का रूप धारण करते हुये खुशियों को गम की स्थिति में तब्दील करने से नही चूकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर नव वर्ष को दृष्टिगत रखते हुए 31 दिसम्बर की शाम से लेकर 1 जनवरी की देर रात तक शहर के प्रमुख चौराहों, मंदिर सहित अन्य इस तरह के स्थानों पर में विशेष पुलिस व्यवस्था लगाते हुये मनमानी करने वालों पर पैनी नजर रखी गई। क्योंकि पुलिस द्वारा नव वर्ष के शांतिपूर्ण आगमन एवं सौहर्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में 31 दिसम्बर की शाम गाडरवारा नगर में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा रत्नेश मिश्रा एवं थाना प्रभारी विक्रम रजक. के नेतृत्व में गाडरवारा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च करते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये थें। इसी के चलते 31 दिसम्बर को नगर में जहां तहां देर रात तक पुलिस बल तैनात रहा। वही नगर सहित क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं ट्राफिक नियमों का उचित पालन कराये जाने हेतु नव वर्ष पर नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा द्वारा शहर की पानी की टंकी, झंडा चौक, छीपा तिराहा गाडरवारा, पलोहा तिराहा एवं रेल्वे स्टेशन गाडरवारा में पुलिस बल तैनात किया गया था। वही नगर के छीपा तिराहा पर विशेष वाहन चैकिंग की गई । बताया जाता है कि रात्रि 02 बजे तक नगर में पेट्रोलिंग पार्टी एवं मोटर साईकल पेट्रोलिंग पार्टियाँ भी लगातार भ्रमण करती रहीं । वही दूसरी ओर युवाओं द्वारा पार्टी मनाने के लिये निशचित माने जाने वाले स्थान होटल,ढाबा की चैकिंग,अवैध शराब पर रोक,सार्वजनिक स्थानों पर शराब पार्टी,केक काटना,आतिशबाजी करना, बिना अनुमति डी.जे. बजाना पूर्णतः निशिद्ध रहा । वही दूसरी ओर नगर में जनसहयोग के माध्यम से मुख्य मार्गो एवं चौराहों पर लगे 56 सी.सी.टी.व्ही. कैमरों से नववर्ष पर असामाजिक तत्वों एवं वैधानिक कार्यवाही करने वालों पर सी.सी.टी.व्ही. सतत निगरानी रखी गई । इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि नववर्ष के आगमन पर औचक कार्यवाही करते हुए थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा रात्रि कॉम्बिंग गश्त करते हुए 01 स्थाई एवं 06 गिरफ्तारी वारंट तामील किये गये । वही नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नववर्ष के अवसर पर शिव मंदिर डमरू घाटी मंदिर गाडरवारा में बहुत अधिक संख्या में श्रृद्धालुओं का आगमन होने के चलते डमरू घाटी में दर्शनार्थियों के सुचारू आवागमन एवं सुलभ दर्शन हेतु मंदिर में आंतरिक एवं ब्राहय व्यवस्था , पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था में क्रूरीबन 100 महिला,पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किये गये थें। इस तरह नव वर्ष का उत्सव नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में बडे ही शांति पूर्वक माहौल देखने मिला।



## माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों ने दिखाई नवाचार की झलक, आयोजित प्रदर्शनी में देखने मिली अनोखी छटा

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकासखंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में अधीनस्थ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता एवं सामाजिक चेतना का विकास करना रहा। इस प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। प्रदर्शनी में जनशिक्षाकेंद्र चीचली के शाला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों ने सक्रिय भाग लिया। विज्ञान खंड में विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा मॉडल, जल संरक्षण प्रणाली, मानव शरीर के अंगों की संरचना, विद्युत परिपथ, ज्वालामुखी मॉडल जैसे प्रयोगात्मक मॉडल प्रस्तुत किये गये। बताया जाता है कि इन मॉडलों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग को सरल भाषा में समझाया गया। गणित खंड में ज्यामितीय आकृतियाँ, पाइथागोरस प्रमेय, क्षेत्रफल, परिमाप के मॉडल, गणितीय पहेलियाँ, फ्रैक्टल डिज़ाइन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों को बताया कि गणित केवल संख्याओं तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं को हल करने का सशक्त माध्यम है। सामाजिक विज्ञान खंड में भारतीय संविधान, लोक तांत्रिक संस्थाएँ, स्वतंत्रता आंदोलन, भौगोलिक मानचित्र, जलवायु परिवर्तन, ऐतिहासिक धरोहरें विषयक चार्ट व मॉडल प्रदर्शित किए गए। इन प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों में नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत किया। निर्णायक मंडल अंतर्गत सत्यम ताम्रकार, सुनील सोनी, लेखराम गौतम, मन्ना लाल पटले ने विभिन्न आयामों के अंतर्गत आंकलन कर द्वारा उत्कृष्ट मॉडलों, सेमिनार, सोलो साँग को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा प्रत्येक सहभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। समापन अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के विषय विशेषज्ञों विनीत नामदेव, काशीराम रजक, सुलेखा शर्मा, रजनी सराठे ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर सीखने का अवसर देती हैं और उनमें नेतृत्व व प्रस्तुति कौशल विकसित करती हैं।

## विद्यार्थियों को कराया गया झोतेश्वर धाम का भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** शिक्षा विभाग के आदेश पर हर साल शिक्षण संस्थाओं द्वारा अपनी संस्था के छात्र छात्राओं को किसी पर्याटक व अन्य प्रकार के स्थान का भ्रमण इसलिये कराया जाता है कि उन्हें वाहरी दुनिया का ज्ञान में बढ़ोत्तरी होने के साथ ज्ञान का संचार हो सके। इसी के चलते बीते हुये दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा छोटा के छात्रों ने विद्यालय प्राचार्य सतेन्द्र सिंह कौरव के निर्देशन में प्राचीन महत्व के दर्शनीय स्थल झोतेश्वर का शैक्षणिक भ्रमण किया। बताया जाता है कि उक्त भ्रमण में विद्यालय के लगभग 120 छात्र छात्राओं को ले जाया गया था। छात्रों ने उक्त भ्रमण के दौरान राजस्थानी स्थापत्य शैली से निर्मित मां राज राजेश्वरी के मंदिर की अद्भुत वास्तु कला तथा उसके इतिहास के साथ साथ मातारानी के दर्शन के साथ ज्ञानार्जन किया। इसी के दौरान स्कूली बच्चों को सप्त सरोवर, परमहंसी गंगा आश्रम का भी भ्रमण कराते हुये वहां के इतिहास से अवगत कराया गया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में संजय सोनी, सुनील पिपरोनिया, सुधाकर पांडेय, संध्या बेलवंशी, राजश्री बेलवंशी, किरण ठाकुर, निधि कौरव, सौरभ शर्मा, जय शंकर चौकसे, भारत कौरव, राकेश मेहरा, अनुष्का कौरव, अनिका शर्मा, शिवराज सिंह ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## प्रशासन की अनदेखी पड़ सकती है भारी, हवा में झूलते नजर आ रहे गन्ने से भरे हुये ट्रेक्टर ट्राली

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रतिवर्ष देखा जाता है कि जब क्षेत्र में गन्ने का सीजन शुरू होता है कि क्षेत्र में स्थापित शुगर मिलों में काम करने के लिये दूसरे प्रांत से आने वाली लोगों द्वारा क्षेत्र की सड़को पर खून की नदिया बहाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है? क्योंकि इन लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये जिस तरह नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उन्हें दौड़ाया जाता है उसके कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में क्षेत्र के लोग बैमौत मरने से नही बच पाते है? क्योंकि जब किसी सड़क से इस तरह डबल ट्राली लगा हुआ गन्ने से लदा ट्रेक्टर ट्राली जा रहे होत है कि उनके पीछे वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाली वाहन दिखाई नही देता है तो दूसरी ओर सामने से आने वाली वाहन चालक को इस बात का अनदेशा नही रहता है कि सामने से आने वाले ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगी होगी इस स्थिति में जब वाहन चालक अपने वाहन को अंदर प्रवेश करा देता है और वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूक पाता है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले गन्ने से लदे हुये डबल ट्रेक्टर ट्रालियों से घटित हुई घटनाओं के चलते अनेक लोगों की जाने जा चुकी है? जबकि यातायात नियमों के अनुसार बताया जाता है कि किसी वाहन में पंजीयन के तहत दर्ज वाहन के माफ दंडों के विपरित यदि वाहन को पाया जाता है कि तो वह नियम खिलाफ होता है?

## नये साल के पहले दिवस दादा धूनी नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब पांढुर्णा से आये भक्तों से निशान अर्पित करते हुये किया भंडारा





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** दादा धूनी वालों की नगर में जहां पूरे साल धार्मिक महोल देखने मिलता ही रहता है। मगर साल के पहले दिन जिस तरह आस्था का सैलाब उमड़ते हुये देखा जाता है उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र धर्म की गंगा में गोता लगाने से नही चूकता है। क्योंकि इस दिवस दादा के भक्त दूर दूर से पहुंचकर दादा धूनीवालों का आर्शीवाद ग्रहण करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार का नजारा बीते हुये गुरूवार यानि की 1 जनवरी नये वर्ष के अवसर पर देखने मिला। बताया जाता है कि नए वर्ष के प्रथम दिवस नगर के दादा दरबार में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी पांढुर्णा से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दादाजी के चरणों में अपनी आस्था व्यक्त की गई। इस दौरान भक्तों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जिसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की गई। नये वर्ष के पहले दिवस यानि की गुरुवार सुबह से ही नगर में उत्सव का माहौल दिखाई देना शुरू हो गया था। वही दादा धाम के दर्शनों के लिये पांढुर्णा से आए भक्तों का जत्था गाजे-बाजे और जयकारों के साथ 'नई धूनी' पहुंचा। यहाँ विशेष पूजन-अर्चन के बाद विशाल निशान यात्रा प्रारंभ हुई। अपने हाथों में धर्म ध्वजा (निशान) थामे भक्त जय दादाजी के जयघोष के साथ झूमते हुए नजर आए। यह यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई गुजरी, जहाँ जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। भ्रमण के पश्चात निशान यात्रा दादाजी दरबार पहुंची। यहाँ मुख्य मंदिर में विधि-विधान के साथ दादाजी को निशान अर्पित किया गया। भक्तों ने दादाजी की धूनी की परिक्रमा की और सुख-समृद्धि की कामना की। पांढुर्णा से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि वे हर साल नए वर्ष की शुरुआत दादाजी की सेवा और आशीर्वाद से ही करते हैं। बताया जाता है कि निशान यात्रा के साथ ही दरबार परिसर में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। पांढुर्णा से आये हुये दादा भक्तों द्वारा आयोजित यह भंडारा सुबह से लेकर देर शाम तक अनवरत चलता रहा जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसादी ग्रहण की गई। वही दूसरी ओर दादा धाम में क्षेत्रीय व नगर के भक्तों का देर रात तक हुजूम लगा हुआ देखने मिला। गौरतलब है कि साईखेड़ा स्थित दादाजी का दरबार क्षेत्र के लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। नए वर्ष पर यहाँ दूर-दराज से आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। पांढुर्णा के भक्तों का यह आयोजन अब एक वार्षिक परंपरा बन चुका है, जो आपसी भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का संदेश देता है।

## खबर संक्षेप



### माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का हुआ गायन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जनवरी माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' एवं राष्ट्रगान ''जन-गण-मन'' का अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडे सहित कलेक्ट्रेट भवन में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी ने सामूहिक गायन किया।

### जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सदस्य पद हेतु मतगणना आज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत 29 दिसंबर को संपन्न हुए मतदान की प्रक्रिया के उपरांत 02 जनवरी आज को मतों की गिनती की जायेगी। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ सदस्य क्षेत्र क्रमांक 04 पद हेतु मतगणना जनपद पंचायत कार्यालय पुष्पराजगढ़ में प्रातः 08 बजे से शुरू होगी।

### जिले में 17 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित होंगे

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढावा देने हेतु नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत उमरिया जिले में प्राकृतिक खेती के 25 क्लस्टर बनाये गए हैं,जिसमे प्रत्येक 3 क्लस्टर पर 2 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बी.आर.सी.) की स्थापना की जानी है।
बी0आर0सी0 स्थापना हेतु स्थानीय कृषक, कृषि उद्यमी, किसान उत्पाद संगठन, स्वयं सहायता समूह, प्राथमिक सेवा सहाकारी समिति मर्या0 आवेदन कर सकते है।
आवेदन पत्र परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय/विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व बी.टी.एम. कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 10 जनवरी 2026 तक शाम 6 बजे तक परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय/ विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व बी.टी.एम. कार्यालय में जमा करा सकते है । आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजो में संस्था का पंजीयन, आधार कार्ड,पैन कार्ड, सदस्यों की सूची, उत्पादन भण्डार व्यवस्था कम से कम दो वर्षो का प्राकृतिक खेती का अनुभव, बी.आर.सी. संचालन का प्लान देना होगा आवेदक को अपने खेत में जैव इनपुट का उपयोगकर्ता होना चाहीये बी.आर.सी. के पास पशुधन, पौधो पर आधारित बायोमास जैसे कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिये यदि गौमूत्र और गोबर की आपूर्ति स्वयं नही हो तो 5 कि.मी. के दायरे में गौशाला होना आवश्यक है।

### 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा शिविर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जिले के नगरीय निकायो में 6 जनवरी 2025 को शिविर आयोजित किए जाएंगे । उन्होनें बताया कि नगर पालिका उमरिया अंतर्गत प्रा.शा. भवन जमुनिहा वार्ड क्रमांक 13, नगर परिषद नौरोजाबाद के वार्ड क्रमांक 12 सांई मंदिर के पास, नगर पालिका परिषद पाली में वार्ड क्रमांक 10 में आंगनबाड़ी बरबसपुर में तथा नगर परिषद चंदिया में वार्ड क्रमांक 10 सामुदायिक भवन के पास जटवार मोहल्ला में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### खतरनाक मोड़ मे खोद दिया गड्ढा, आये दिन हो रही दुर्घटना

**कोतमा।** नगर के उत्कृष्ट विद्यालय से रेस्ट हाउस रोड जाने वाले रास्ते में पुराना गुलाब स्कूल के सामने नल जल योजना के ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा पाइपलाइन सुधार कार्य करने के लिए डामरीकृत सड़क मे गड्ढा खोदा गया था और सुधार कर के बाद गड्ढे को ऐसे ही मिट्टी से ढक दिया गया जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है।

# नववर्ष में माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्ति की दिशा में बड़ी पहल

## प्रशासनिक कार्रवाई और न्यायालयीन सख्ती के बाद डिण्डौरी में गंदे नालों पर लगेगा अंकुश



डिण्डौरी।



नववर्ष 2026 के साथ ही माँ नर्मदा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने की दिशा में डिण्डौरी जिले में एक महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित कदम उठाया गया है। नगर क्षेत्र से नर्मदा नदी में सीधे मिल रहे गंदे नालों को रोकने के लिए शासन ने 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से परियोजना स्वीकृत की है। इस परियोजना की जानकारी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने दी।कलेक्टर ने बताया कि नर्मदा के उद्गम पश्चात प्रथम प्रवेश नगर डिण्डौरी में नगरीय क्षेत्र से निकलने वाले गंदे नालों को रोकने को लेकर श्रद्धालुओं, नर्मदा परिक्रमावासियों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों में लंबे समय से रोष और चिंता थी। इस गंभीर समस्या को लगातार आयुक्त नगरीय प्रशासन, प्रमुख अभियंता एमपीयूडीसी तथा अपर मुख्य सचिव स्तर तक अवगत कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप अब यह ठोस पहल सामने आई है।

स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत माँ नर्मदा के बाएँ तट से मिलने वाले कुल 07 गंदे नालों—चन्द्रविजय कॉलेज, ईमलीकुटी, रेहली मोहल्ला, गायत्री मंदिर, नर्मदा पुल, नर्मदा पुल एवं मंदिर के मध्य स्थित नाला तथा श्मशान घाट के पास स्थित नाला—को रोका जाएगा। नालों पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा तथा चन्द्रविजय कॉलेज और श्मशान घाट के पास लिफ्टिंग पम्पिंग स्टेशन स्थापित कर नालों के पानी को सीवर लाइन से जोड़ते हुए आरटीओ कार्यालय के पास स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक भेजा जाएगा। उपचारित जल का उपयोग खेती एवं अन्य व्यावसायिक कार्यों में किया जाएगा।इस बीच उल्लेखनीय है कि नर्मदा नदी में गंदे नालों के सीधे प्रवाह को लेकर डिण्डौरी जिला व्यापारी संघ द्वारा जन उपयोगी लोक अदालत में याचिका दायर की गई थी, जिस पर न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव सहित नगरीय प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। याचिका में नर्मदा में मिल रहे नाले, सीवेज प्रोजेक्ट की तकनीकी खामियों, मानक-विपरीत पतली पाइपलाइन, बार-बार सीवेज ओवरफ्लो, क्षतिग्रस्त सड़कों और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के अपूर्ण संचालन को गंभीरता से उठाया गया था।इस जनहित याचिका की प्रभावी पैरवी अधिवक्ता सम्यक जैन एवं के.के. सोनी द्वारा की गई थी, जिसमें नर्मदा नदी की पवित्रता, स्वच्छ पेयजल और नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकारों को मौलिक अधिकारों से जोड़ते हुए न्यायालय के समक्ष मजबूती से पक्ष रखा गया था। न्यायालयी हस्तक्षेप के बाद यह मामला प्रशासनिक स्तर पर भी उच्च प्राथमिकता में आया, जिसके परिणामस्वरूप अब यह परियोजना धरातल पर उतरती दिखाई दे रही है।

परियोजना के अंतर्गत कार्य एजेंसी मेसर्स जे.एम. रमानी एण्ड कम्पनी द्वारा नववर्ष के प्रारंभ से कार्य शुरू कर दिया गया है। आवश्यक मशीनें स्थल पर पहुँच चुकी हैं और परियोजना को तीन माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। नर्मदा जयंती से पूर्व प्रथम चरण में तीन नालों को नदी में मिलने से रोकने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी चरण में नर्मदा के दाएँ तट के लिए भी पृथक कार्ययोजना स्वीकृत कराई जाएगी।प्रेस वार्ता में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा— माँ नर्मदा हमारे लिए आस्था और जीवन दोनों का आधार हैं। जनसहयोग से ही नगर का समग्र विकास संभव है और वर्ष 2026 में डिण्डौरी को स्वच्छ, साफ-सुथरा एवं पर्यावरण-अनुकूल नगर बनाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# कन्हैया संगम घाट में भाजपा की मंडलीय बैठक संपन्न, लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



**शहपुरा -** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा शहपुरा के चार मंडलों की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक गुरुवार को कन्हैया संगम घाट, मालपुर में संपन्न हुई। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यों की रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के 10 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।संगठनात्मक मजबूती और '**SAR**' पर चर्चा,बैठक में मुख्य रूप से शहपुरा विधानसभा के चार मंडलों के कामकाज की समीक्षा की गई। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने शक्ति केंद्र प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। बैठक के दौरान **SAR** (संगठनात्मक रिपोर्टिंग) के कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई और बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक सक्रिय बनाने के निर्देश दिए गए।कांग्रेस को लगा झटका, विधायक की उपस्थिति में ली सदस्यता क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के नेतृत्व और शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती व महामंत्री नितिन गुप्ता की अगुवाई में मालपुर के 10 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया। नए सदस्यों ने कहा कि वे भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। विधायक धुर्वे ने सभी का केसरिया गमछा पहनाकर स्वागत किया। बैठक में ये दिग्गज रहे मौजूदकार्यक्रम में जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति प्रकाश धुर्वे, शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, मेहदवानी मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी और जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के समापन पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यकर्ताओं के साथ सादगी से भोजन ग्रहण किया, जो कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन का केंद्र रहा। इस अवसर पर सुशील राय, अरुण अग्रवाल तुलसीदास गुप्ता, बाबा ठाकुर, राजेश साहू, अनूप गुप्ता राम जी गुप्ता घनश्याम कछवाहा,मनोज सोनी, उमेश रजक, सुनील मरावी, लंबू तेकाम, पवन झरिया, राजेंद्र तिवारी और धर्मेंद्र झरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मेहदवानी बजरंग मंदिर में नववर्ष पर रामधुन, विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**डिंडोरी - मेहदवानी** स्थित बजरंग मंदिर परिसर में नववर्ष के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य रामधुन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। रामधुन कार्यक्रम 31 दिसंबर से प्रारंभ होकर 1 जनवरी को विधिवत समापन के साथ संपन्न हुआ। रामधुन के समापन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि रामधुन में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति दी गई। कलाकारों की मधुर रामधुन सुनने एवं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु मेहदवानी पहुंचे, जिससे बजरंग मंदिर परिसर दिनभर भक्तों से भरा रहा। रामधुन के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के जयकारों और भक्ति संगीत से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने रामधुन में भाग लेकर नववर्ष की शुरुआत धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण में की। आयोजकों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# विधायक व एसडीएम ने ली संयुक्त समीक्षा बैठक जनकल्याण शिविरों की तैयारियों के दिए निर्देश


शहपुरा



जनपद पंचायत कार्यालय शहपुरा में विकास कार्यों की प्रगति तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) ऐश्वर्य वर्मा ने संयुक्त रूप से विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की।बैठक के दौरान विधायक धुर्वे ने जनपद पंचायत सहित सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के निर्देश दिए।बैठक में आगामी जनकल्याण शिविरों की तैयारियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है, इसलिए सभी विभाग पूरी तैयारी के साथ शिविरों में सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही हितग्राहियों की अद्यतन सूची तैयार रखने एवं ग्रामीणों को शिविरों की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेटी ने किया जिले को गौरवान्वित, 69 वीं राष्ट्रीय वालीबॉल स्पर्धा आन्ध्र प्रदेश में लेगी भाग

शहपुरा



कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त जनजाती कार्य राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में विभागीय शालेय खेल कैलेंडर 2025-26 के अनुसार वालीबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग में पुष्पलता पट्टा पिता प्रीतम सिंह पट्टा कन्या मा शाला शहपुरा ने विद्यालय , विकास खंड, जिला,संभाग, विभागीय राज्य, शालेय राज्य स्तरीय छः स्तर की स्पर्धाओ में भाग लिया । खेल कौशल की कुशल दक्षता से सभी स्तरों में चयनित होते हुए खेल विधा विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया है। जिला क्रीड़ा प्रभारी जनजातीय कार्य विभाग पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने जानकारी बताया कि चयनित छात्राए प्री. नेशनल कोचिंग कैंप 29 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक मुरैना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है एवं राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता कडप्पा आन्ध्र प्रदेश में में 05 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 तक वालीबॉल कोच अनिल लोधी के मार्गदर्शन में भाग लेंगी। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन तथा मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए ,विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभा वान खिलाड़िओ को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य राजेंद्र कुमार जाटव, जिला क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम. के. राय, प्राचार्य यशवंत साहू,डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, संदीप सोनी, खेल प्रशिक्षक रमा साहू, अनिल लोधी,जागेश्वर नंदा, नवीन खरगाल,दिलीप सोनवानी,शेरमेर खालको , परवेज खान ,अमर साहू ,विधालय स्टाफ एवं समस्त खेल प्रेमीयों ने उज्वल भविष्य की शुभकामना एवं बधाई प्रेषित की हैं।

# आग बुझाने वाला वाहन बना तराई का साधन नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

शहपुरा



शहपुरा नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों सड़क डिवाइडर निर्माण का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। इसी दौरान नगर परिषद के फायर ब्रिगेड (दमकल) वाहन से डिवाइडर निर्माण स्थल पर तराई किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसके बाद नगर में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि नगर परिषद के कर्मचारी दमकल वाहन के माध्यम से पानी डालकर डिवाइडर निर्माण कार्य में तराई कर रहे हैं। आमतौर पर फायर ब्रिगेड वाहन का उपयोग आगजनी एवं आपातकालीन परिस्थितियों में किया जाता है, ऐसे में निर्माण कार्य में इसके उपयोग को लेकर नागरिकों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद के पास पानी टैंकर सहित अन्य संसाधन उपलब्ध हैं, इसके बावजूद दमकल वाहन का उपयोग किया जाना उचित नहीं ठहराया जा सकता। नागरिकों का यह भी कहना है कि इस प्रकार के उपयोग से आपात स्थिति में संसाधनों की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि, इस संबंध में नगर परिषद या संबंधित अधिकारियों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**इनका कहना है-**

यह मामला मेरे संज्ञान में आया है, मैं तत्काल इसकी जांच करवाता हूं।
ऐश्वर्य वर्मा(अनुविभागीय अधिकारी, शहपुरा)

# नशे में वाहन चलाने वाले 2 चालकों पर कार्यवाही, वाहन जप्त

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** कोयलांचल क्षेत्र के बिजुरी पुलिस ने नव वर्ष के आगमन के पूर्व शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त किया है। कार्यवाही को लेकर सहायक उप निरीक्षक बृजेश पांडे ने बताया कि रात में पुलिस गस्त के दौरान वाहनों की जगह चेकिंग किए जाने पर दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन चालक के द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाते पाया गया। शराबी चालक के द्वारा स्वयं के साथ दूसरों के जीवन पर भी खतरा बना रहता है। दोनों वाहन चालकों के विरुद्ध ड्रिंक एंड ड्राइव की धारा 185 एवं मोटर व्हीकल अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। वाहनो को जप्त करते हुए चालकों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब के नशे में वाहन बिल्कुल ना चलाएं और अपने साथ दूसरों के जीवन को भी खतरे में ना डालें।

# महाविद्यालय दल द्वारा स्कूलों का किया जा रहा है भ्रमण



उमरिया।

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण विभिन्न संयोजकों द्वारा किया जा रहा है।भ्रमण का उद्देश्य शिक्षा से वंचित उन समस्त युवा पीढ़ीयों के लिए मार्गदर्शन प्रशस्त करने का कार्य कर रही है। शासन के मंशानुरूप कॉलेज चलो अभियान के तहत महाविद्यालय में शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं से अवगत कराना है। विद्यालयों में अध्यनरत छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय इन प्रवेश प्रक्रिया विषय चयन तथा उच्च शिक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध खेल कूद सुविधा, विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र, विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा, ई ग्रंथालय, नवीन विषय, स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षण व्यवस्था आदि के विषय में विस्तार से अवगत कराना है। गत वर्षों में प्रवेश से वंचित रहे विद्यार्थियों का सबसे महत्वपूर्ण वजह उनकी जागरूकता का अभाव के कारण समय पर ई-प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाते थे,उनको अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से प्रवेश प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है।

# वंदेमातरम के गायन के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत

उमरिया।



नववर्ष के प्रथम दिन अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता कि उपस्थिति में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में संगीतमय राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई । इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रीता डेहरिया, प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने शासकीय सेवकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब जनता की सेवा के लिए जिले में पदस्थ हैं। हमारा प्रथम दायित्व है कि हम जनता के विश्वास में खरे उतरें,उसके लिए हमें सहजता, सरलता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए जन समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करना होगा। आपने कहा कि जनता की सुख समृध्दि के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ सहजता के साथ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य हम सब करें। इस अवसर पर उन्होंने जिलावासियों के सुख समृध्दि तथा जिले के विकास की कामना की ।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न

### अभियान अंतर्गत जिले के 4592 पशुपालकों के घर-घर जाकर दी गई समझाईश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पशुपालकों के घर जाकर संपर्क कर अधिकारियों द्वारा पशु पोषण, नस्ल सुधार और पशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. बी बी चौधरी ने जानकारी दी है कि अभियान के तहत जिले के 539 ग्रामों के 4592 पशुपालकों के घर-घर जाकर सम्पर्क किया गया। विभागीय अमले द्वारा पशुपालकों के घर-घर संपर्क कर संतुलित आहार प्रबंधन, हरे चारे की उपलब्धता, कृत्रिम गर्भाधान एवं टीकाकरण की स्थिति की जानकारी दी गई। अभियान के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत पशुपालन तकनीकों, नियमित टीकाकरण, रोग रोकथाम एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।



### नव वर्ष को लेकर नगर के आसपास के पिकनिक स्पॉट पर्यटन से जुड़े क्षेत्र नजर आए गुलजार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** साल के आखिरी दिन एवं नव वर्ष को लेकर नगर के आसपास के पिकनिक स्पॉट पर्यटन से जुड़े क्षेत्र गुलजार नजर आए। नववर्ष को लेकर प्रशासन भी अलर्ट नजर आई। बुधवार की शाम एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से नगर के गलियों पर फ्लैग मार्च करते हुए शांति ढंग से नववर्ष मनाने की अपील की। नगरवासियों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। वाहन चालकों सहित आम नागरिकों को समझाइए दी गई। एसडीएम टी आर नाग, तहसीलदार दशरथ सिंह एवं थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के द्वारा नगर के स्टेशन चौक, गांधी चौक, पंचायती मंदिर, आजाद चौक, महावीर मार्ग, पुराना स्टेट बैंक, सब्जी मंडी रोड सहित अन्य मार्गो का भ्रमण कर व्यापारियों एवं नागरिकों से बातचीत कर कानून व्यस्था का जायजा लिया। सभी को नव वर्ष पर शांति एवं सावधानी से मनाए जाने की अपील की। पुलिस टीम के द्वारा जहां एक दर्जन से ज्यादा सार्वजनिक जगहों पर फ़िक्सि प्वाइंट बनाकर ड्यूटी लगाई गई थी। वही कई वाहनों से लगातार पेट्रोलिंग गस्त कराई गई।

## खबर संक्षेप

### बालिका छात्रावास का हुआ भूमि पूजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस बोहनी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में बालिका छात्रावास निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। उक्त बालिका छात्रावास 96 छात्राओं का आवासीय छात्रावास होगा। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार तिवारी तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा ।

### कलेक्टर ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन में संचालित कार्यालयों व विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शाखा प्रभारियों और लिपिकों को निर्देश दिए कि पुराने रिकॉर्ड की लिस्टिंग करके रिकॉर्ड रूम में जमा कराएं। पुराने फर्नीचर को रिपेयरिंग कर उसका पुनः उपयोग किया जाए। पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विधिवत नीलामी करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालयों की साफ-सफाई दुरूस्त रखने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला कोषालय सहित अन्य कार्यालयों व शाखाओं का निरीक्षण किया।

### पेंशन शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला पेंशन कार्यालय में कार्यालयीन समय में पेंशन शिविर का आयोजन 2 जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिला पेंशन अधिकारी नरसिंहपुर ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी नरसिंहपुर से कहा है कि वे शिविर में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित स्थापना लिपिक को उपस्थित होकर निराकरण कराएं।

### समाधान योजना की बढ़ाई गई अवधि

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता की क्षेत्र की जनता से समाधान योजना को लेकर अपील की गई है कि मध्य प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग ने समाधान योजना की तारीख बढ़ाई है इसका लाभ सभी पात्र उपभोक्ताओं को लेना चाहिए। आपने बताया कि शत प्रतिशत अधिभार में छूट प्रथम चरण की तारीख की 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। प्रदेश के बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के लिए समाधान योजना, 2025-26 के क्रियान्वयन के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये गये हैं, जिसके तहत योजना के प्रथम चरण की अवधि दिनांक 31.12.2025 थी। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा प्रस्तावित किया गया है कि प्रथम चरण में उपभोक्ताओं के उत्साह तथा सहभागिता को देखते हुए उक्त योजना के प्रथम चरण की अवधि में एक माह अर्थात 31 जनवरी 2026 तक की वृद्धि की जाये। राज्य शासन द्वारा समग्र रूप से विचारोपरांत प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। योजना का द्वितीय चरण दिनांक 1 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगा। योजना के अन्य प्रावधान एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

### नहीं रही वैजयंती बाई



**तेंदूखेड़ा ।** गत दिवस ग्राम डोभी के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार के श्री रेवती प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती बैजंती बाई शर्मा की अचानक हृदय गति रुक जाने जाने के कारण असमय दुखद निधन हो गया जिन्हें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। भी श्रीमती वैजयंती बाई शर्मा रामकुमार शिवकुमार प्रदीप कमलेश देवदत्त शर्मा की पूज्य माता जी थी तथा रामेश्वर विजय संजय नीलेश की चाची एवं कपिल प्रशांत सत्यम अनुराग की दादी थी।

## दिनभर चलता रहा पार्टियों का सिलसिला

# धूमधाम से मनाया नया वर्ष, धार्मिक स्थलों पर रही भीड़











**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गुरूवार को सम्पूर्ण जिले मे नव बर्ष की धूम गुंजायमान रही लोगो द्वारा नव बर्ष का जमकर लुफ्त उठाया। नव बर्ष पर सम्पूर्ण धार्मिक स्थलों पर भक्तो की भीड़ अनवारत बनी रही। जिले के प्रसिद्ध नर्मदा तट बरमान रेत घाट और सूरजकुंड में लाखों लोगो ने डुबकी लगाकर मां नमर्दा से प्रार्थना की। यहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और नर्मदा स्नान के साथ पूजन अर्चन करते हुए पिकनिक का आनंद लिया। इसके अलावा सिद्ध दादा धाम, शहर के नजदीकी स्थित झिरना क्षेत्र, आमगांव के नजदीकी पहाड़ी अंचल के दिल्हैरी, नर्मदा तट के केरपानी, चिनकी घाट, महादेव पिपरिया, टोन घाट, सहित सांकल घाट, बरमान आदि जगहों पर लोगों ने पहुंच कर मौज मस्ती करते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर नववर्ष मनाया।

### मां नर्मदा जी का किया पूजन अर्जन

नव वर्ष के प्रथम दिन गुरूवार को बड़ी संख्या में भक्त भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि ब्रह्मांड घाट के बरमान खुर्द के रेत घाट सीढ़ी घाट पर छिंदवाड़ा, सिवनी, सागर, दमोह से हजारों श्रद्धालु भक्त जनों ने पहुंचकर मां नर्मदा नदी का पूजन अर्चन व दीपेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान दीपेश्वर का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया और भगवान भगवान दीपेश्वर का अभिषेक नर्मदा जल, दूध , शहद से किया और क्षेत्र के खुशहाली की कामना के साथ साथ परिवार के खुशहाली की कामना भी की नववर्ष के अवसर पर रेत घाट पर पहुंचकर छोटे-छोटे बच्चों ने मिकी माउस, इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन, का आदि का भी आनंद लिया। देर रात तक नव वर्ष की गूंज रही लोग मौज मस्ती करते नजर आए।

### पिकनिक स्पाटों पर रही भीड़

नये वर्ष के सेलिब्रेशन के लिए जिले के पिकनिक स्पाटों पर भारी भीड़ रही। टोनघाट, चिनकी के पास धुंआधार, राजाबाबू, कालिया दहाड़ जैसे जलप्रपातों के अलावा नर्मदा के उमरिया-चिनकी, बरमान के रेतघाट, सतधारा घाट प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या मे भीड़ रही। नये वर्ष पर बड़ी संख्या मे लोग जिले से बाहर भी नया वर्ष मनाने के लिये गये। जिसमे सलकनपुर, मैहर, भेड़ाघाट सहित विभिन्न स्थानों पर लोग खुशियां मनाते हुये नजर आये। वही लोगों द्वारा कार्यालयों व कार्य क्षेत्र मे भी एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देकर नव वर्ष मनाया गया। नव वर्ष के उत्साह में मौसम भी अनुकूल रहा बीते दिनों से पड़ रही ठंड भी कम नजर आई जो लोगों की खुशी में चार चांद लगाती हुई नजर आई।

### प्रशासन की रही चैकसी

नव वर्ष पर मां नर्मदा के सभी घाटों पर बड़ी संख्या मे भक्तों की भीड़ रही। वही प्रशासन भी चैकन्ना रहा और किसी प्रकार की कोई अनहोनी नही हुई। नव वर्ष पर हड़दंग मचाने व आसामाजिक तत्वों पर ठोस कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त निर्देश दिए गए थे जिले के मुख्य मार्ग सहित जगह- जगह पुलिस तैनात की गई थी जिससे जिले मे कोई अप्रिय घटना ना हो सके पुलिस की चैकसी के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हुई। वही नगर की धार्मिक समीतियों द्वारा भी नव वर्ष पर विविध आयोजन कर खुशियां बांटते नजर आए।

### नशा मुक्ति रैली का हुआ आयोजन

नए वर्ष 2026 के प्रथम दिन जिला मुख्यालय में सकारात्मकता और समाज सुधार के संकल्प की गूंज सुनाई दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशाल जन-जागरण रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली के शुभारंभ से पूर्व, नए वर्ष के पावन अवसर पर संस्थान के दिव्य संस्कार भवन में नव वर्ष का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके पश्चात जन-जागरण रैली का आगाज हुआ। रैली को पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व क्षेत्रीय संयोजिका ब्रम्हाकुमारी कुसुम बहन जी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील कोठारी एवं वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट, हेमराज विश्वकर्मा, बबलू चैधरी व संदीप दुबे उपस्थित रहे। शहर भ्रमण के दौरान मुशरान पार्क पहुंचने पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी ने रैली का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं से व्यसन त्याग कर श्रेष्ठ जीवन अपनाने की अपील की।

## जैविक प्राकृतिक उत्पादों के विक्रय हेतु हाट बाजार का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि-पीडी आत्मा के प्रयास से जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती की पैदावार के उत्पादों को उचित मार्केट मिल सके, इसके लिए साप्ताहिक हाट बाजार गुरुवार एक जनवरी को उद्यानिकी परिसर नरसिंहपुर में लगाया गया। हाट बाजार में जैविक प्राकृतिक उत्पाद करने वाले कृषक एफपीओ, स्व सहायता समूह, उपभोक्ता, कृषि विभाग, आत्मा, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। उक्त बाजार प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को जिला मुख्यालय पर लगाया जाता है। उप संचालक कृषि मौरिस नाथ ने बताया कि जैविकध प्राकृतिक हाट बाजार में जैविक गेंहू, चना दाल, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल, जैविक चावल, जैविक गुड़, जैविकध प्राकृतिक साब्जियां, ककड़ी, मटर, बरबटी, पालक, मैथी, लाल भाजी, लौकी, तुरई, वैगन, अदरक, टमाटर, आलू, शकरकंद आदि और जैविक फल पपीता, केला, आम, अमरूद, नीबू, चीकू, बिनोला घी आदि विक्रय के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही कृषि अवशेषों से निर्मित शुद्ध प्राकृतिक जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट खाद आदि की भी प्रदर्शनी लगाई गई। जिले के समस्त कृषकों, स्ध्व-सहायता समूहो, एफपीओं को उचित दाम मिल सकें, इसके लिए यह नवाचार प्रयास किया जा रहा है। यहां लगाए गए हाट बाजार में जिले के 24 कृषक, स्व सहायता समूह, एफपीओ अपने उत्पाद लेकर पहुंचे। जिले के नागरिकों व शासकीय कर्मचारियों ने उपस्थित होकर जैविक उत्पादों का क्रय किया गया। आम नागरिकों द्वारा विशेष रूचि लेकर उत्पाद क्रय किया गया।

## स्वच्छ भारत जागरूकता पर विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक पेंटिंग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**




बरमान मेले परिसर में स्वच्छ भारत अभियान एवं ओपन डिफेकेशन फ्री जागरूकता के तहत शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा के विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग गतिविधि आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने स्वच्छता, शौचालय उपयोग, स्वच्छ पर्यावरण जैसे विषयों पर संदेशपरक पेंटिंग बनाकर लोगों को जागरूक किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार की गई इन पेंटिंग्स में स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने तथा सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने का संदेश प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया। मेले में आए दर्शकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सामाजिक सोच की सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग हेतु प्रेरित किया गया तथा स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में शिक्षक राजेश सिंगोतिया, शंकर राजभर, विद्यार्थी पार्वती पटेल, राधिका, यीशु सहित अन्य विद्यार्थियों के द्वारा पेंटिग बनाई गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा विराट इको क्लब बरहटा की सहभागिता रही।

## संस्कार और संस्कृति का संगम: एनएसएस शिविर में गूंजेंगे सामाजिक सरोकार के स्वर, महामंडलेश्वर के सानिध्य में एनएसएस शिविर का आगाज, आचार्य रामकृष्णानंद जी ने किया शिविर का शुभारंभ

**गोटेगांव।**



ग्राम कुंडा छोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पंच अग्नि पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि आचार्य महामंडलेश्वर श्री रामकृष्णानंद जी महाराज एवं ब्रह्मचारी अचलानंद जी के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर परमहंसी गंगा आश्रम के व्यवस्थापक सुंदर पांडे, आदि शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष उमेश तिवारी और प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ हुआ। अपने आशीर्वचन में महामंडलेश्वर जी ने महाविद्यालय के विकास और ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी के दिशा-निर्देशों का स्मरण किया।समिति के कोषाध्यक्ष उमेश तिवारी ने स्वयंसेवकों को अपनी दिनचर्या और जमीनी स्तर पर कार्य करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक ने बताया कि यह शिविर छात्रों के कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता का एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति और जल संरक्षण जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक व रैली आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान शिविर दर्पण पत्रिका का विमोचन भी किया गया। मंच संचालन डॉ. आशीष ठाकुर ने किया और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एस.पी. डेहरिया ने किया। इस दौरान प्रो. अंकिता नामदेव, सरपंच सुखवती बाई ठाकुर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन ईगल क्लॉ - शराब तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, ठेमी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**गोटेगांव।**



नववर्ष 2026 के आगमन को देखते हुए नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष सुरक्षा अभियान ₹ऑपरेशन ईगल क्लॉ₹ के तहत ठेमी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रभावी नाकाबंदी करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब और तस्करी में प्रयुक्त चार पहिया वाहन जब्त किया है।जानकारी के अनुसार, थाना ठेमी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मानेगांव-मुंगली मार्ग पर अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने मार्ग पर नाकेबंदी की और एक ईको कार को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 30 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार मूल्य करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से आरोपी शुभम कुशवाह निवासी मानेगांव और पंकज कोरी निवासी ठेमी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है।इस पूरी कार्यवाही में तस्करी में उपयोग की जा रही 5 लाख रुपये कीमत की कार भी जब्त की गई है। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी ठेमी निरीक्षक प्रीति मिश्रा सहित प्रधान आरक्षक केके सेन, भास्कर पटेल, कुलदीप ठाकुर और आरक्षक चंद्रप्रताप, सत्यम दुबे, विजय वासुकी व महिला आरक्षक रंजिता राजपूत की मुख्य भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नए साल की सुरक्षा को लेकर जिले के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है और अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।


# दुनिया की शरण में नहीं, धर्म की शरण में मिलता है सच्चा सुखः आचार्य समय सागर

**गोटेगांव**



की पुण्यधरा पर ससंघ विराजमान वर्तमान संघनायक परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को वास्तविक शरण संसार में नहीं, बल्कि धर्म में ही प्राप्त होती है। आगम और गुरुओं का स्पष्ट संदेश है कि इस संसार में यदि कोई सारभूत और शाश्वत तत्व है, तो वह परमार्थ क्षेत्र में स्थित आत्मतत्व है। आत्मा ही अनंत है और वही ज्ञान के माध्यम से अपने स्वरूप की पहचान कर सकती है।आचार्य श्री ने कहा कि कर्मों का आश्रव निरंतर होता रहता है और उसे रोकने के लिए परमार्थ की आवश्यकता होती है। बाह्य वस्तुएं और पदार्थ नश्वर हैं, उनमें कहीं भी शरण नहीं है। पंच परमेष्ठी की शरण में जाकर ही सम्यक दर्शन की प्राप्ति संभव है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनुष्य को दुनिया की शरण छोड़कर धर्म की शरण में जाना होगा।उन्होंने कहा कि अक्षय और अनंत सुख केवल केवलज्ञान की प्राप्ति से ही संभव है। इसके लिए स्वाध्याय अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वाध्याय से विवेक जागृत होता है और विवेक के माध्यम से ही केवलज्ञान की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। मनुष्य को जन्म, जरा और मृत्यु के चक्र से ऊपर उठने का प्रयास करना चाहिए, जो केवल धर्म की शरण में आने से ही संभव है। धर्म की शरण लेने से राग, द्वेष और इच्छाओं का परित्याग होता है तथा संकटों से मुक्ति मिलती है।आचार्य श्री ने धर्म के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा कि धर्म वही है जो व्यक्ति को उत्तम सुख, अर्थात मोक्ष सुख की ओर ले जाए। सांसारिक सुख की लालसा रखने वाला व्यक्ति कभी भी मोक्ष सुख को प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने एक दृष्टांत के माध्यम से समझाया कि भोजन से सुख नहीं मिलता, वह केवल भूख रूपी पीड़ा का प्रतिकार मात्र है। वास्तविक अक्षय और अनंत सुख तो मोक्ष सुख ही है, जो दृढ़ आस्था पर आधारित होता है।उन्होंने कहा कि मोक्ष मार्ग पर चलने वाले श्रावक को आस्थाजन्य सुख प्राप्त होता है। वह इंद्रियों से ज्ञात सभी सुखों का त्याग कर देता है, परिग्रह का परित्याग कर देता है और विधिपूर्वक प्राप्त आहार में ही संतोष रखता है। आदिनाथ भगवान के प्रसंग का उल्लेख करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि उन्होंने कभी आहार की याचना का उपदेश नहीं दिया, बल्कि यह सिखाया कि विधि से प्राप्त हो तो ही आहार ग्रहण किया जाए।तीव्र कर्मों के उदय पर केवल पंच परमेष्ठी की शरण ही सहायक होती है,इस विषय पर आचार्य श्री ने एक मार्मिक दृष्टांत सुनाते हुए बताया कि संसार में कोई भी सगा-संबंधी उस समय काम नहीं आता, केवल प्रभु की शरण ही रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को नियमविरुद्ध और धर्मविरुद्ध आचरण से बचना चाहिए तथा दया और अहिंसा को जीवन का मूल आधार बनाना चाहिए।आचार्य श्री ने कहा कि शरीर नश्वर है, वह मिटने के लिए बना है, जबकि धर्म ही ऐसा तत्व है जो जीव के साथ जाता है। पंच परमेष्ठी की शरण में पतित जीवन भी पावन हो जाता है। संसार सागर से पार होने का एकमात्र साधन परमार्थ ज्ञान और सम्यक ज्ञान है। अंत में उन्होंने दृढ़ता से कहा कि धर्म ही एकमात्र आलंबन योग्य है, इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य आलंबन योग्य नहीं है।







## दिन भर चला धार्मिक आयोजनों का सिलसिला

### ध्वज यात्रा सुंदरकांड पाठ भजनों और भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब

**तेंदूखेड़ा**

एक जनवरी नव वर्ष की स्वागत बेला में नगर में विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुये । नगर की धर्म सेवा समीति द्वारा ध्वज यात्रा नगर के प्रतिष्ठित रामघाट स्थित गणेश मंदिर से रवाना होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर में जाकर संपन्न ध्वज चढ़ाने के साथ संपन्न हुई। नगर के ही श्री राम रसिया भक्त मंडल द्वारा विगत वर्षों से चली आ रही परम्परा को आगे बढ़ाते हुए नगर की सुख समृद्धि की कामना किसी भी प्रकार की कोई व्याधि वाधा ना आये को लेकर दादा दरबार श्री हनुमान मंदिर में सुबह से ही सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया रात्रि में हवन पूजन के साथ संगीतमय चालीसा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। वहीं नगर के सिद्ध हरसिद्धि मंदिर परिसर में नवोदित बाल कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों की जोरदार प्रस्तुति दी गई। तथा दिन भर खिचड़ी प्रसादी का वितरण चला। जिसमें बड़ी संख्या में आस्था बान श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।रात्रि में संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया।इसी परिसर में पंचमुखी हनुमान मंदिर में 51 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया। दिन भर श्रद्धालु जन नगर के सभी धार्मिक स्थलों पर पहुंचे और दर्शन लाभ लेते हुए पूजन अर्चन किया।

### पर्यटन स्थलों नर्मदा तटों धार्मिक स्थलों पर रहेगी भीड़

नूतन वर्ष अभिनंदन की स्वागत बेला में जहां एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला जारी रहा ।वहीं आनंद लुप्त उठाने लोग धार्मिक स्थलों रमणीक स्थल तथा नर्मदा तटों पर पिकनिक पार्टी मनाने के लिए पहुंचे। पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्कूली छात्रों की छुट्टियां हो जाने के कारण छोटे छोटे बच्चों में घूमने का एक अच्छा मौका मिल गया है।पालक अपने अपने बच्चों को लेकर बाहर धार्मिक क्षेत्रों में गये हुये है।

### विशाल कलश यात्रा के साथ 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ शुरू

तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले पुण्य सलिला माँ नर्मदा की गोद में बसे ग्राम झिरी बारह घाट में एक जनवरी से तीन जनवरी के बीच 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा।जिसके तहत आज 1 जनवरी को दोपहर 1 बजे से विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा 2 और 3 जनवरी को यज्ञ के माध्यम से विविध आयोजन होंगे संस्कारों की दीक्षा दिलाई जाएगी। वरिष्ठ परिजन वृन्दावन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात काल से ही योग के माध्यम से जीवन-यापन के तौर-तरीकों यज्ञ अनुष्ठान में आहुतियों के महत्व दोपहर में प्रवचनों के माध्यम से जीवन को सात्विक बनाने विचारों के माध्यम से हम सुधरेंगे युग सुधरेगा की परिकल्पना को साकार करने अमृत ज्ञान विद्वान प्रज्ञा पंडितों द्वारा दिया जायेगा।